

# पिलखा भूमि

PRGI.Reg.-CHHHIN/2023/88305
ईमेलः—manishvaidy538@gmail.com



प्रधान संपादक :— मनीष वैद्य  वर्ष 01 अंक 04 संजयनगर (जिला सूरजपुर छ,ग ) से प्रकाशित  हिंदी मासिक सितंबर से अक्टूबर 2024  पृष्ठ 4  मूल्य 5  सहायक संपादक :— विजय कुमार

## संक्षिप्त खबर

### ग्राम रविंद्रनगर के ग्रामीणों ने सरपंच एवं पंच के पदों से आरक्षण को हटाने के लिए कलेक्टर को सोपा ज्ञापन

ग्रामीणों का यह मांग है की ग्राम पंचायत में लगभग 98%लोग सामान्य वर्ग एवं बंगाली समाज के हैं यहां आदिवासी महिला बेहद ही काम है जिस वजह से सरपंच एवं पंच बंगाली समाज से न होकर आदिवासी समाज से है आरक्षण के वजह से पांच वर्ग में आदिवासी महिला न होने के कारण कई वार्ड पंच नहीं है जिससे कि वार्ड का विकास नहीं हो पा रहा है यहां की आदिवासी आरक्षण के कारण कुछ परिवार ही इसमें प्रत्याशी के रूप में लाभ ले रहे हैं एवं 98% लोग केवल मतदाता बनाकर रहा गए हैं ग्रामीणों ने कलेक्टर महोदय से इस मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच कर आरक्षण को हटाने का मांग किया गया। रविंद्र नगर के ग्रामीणों के द्वारा पूर्व में भी कलेक्टर महोदय के समक्ष ज्ञापन सोपा था लेकिन उसे पर कोई कार्रवाई नहीं होने के कारण ग्रामीणों के द्वारा पुनः ज्ञापन सोपा गया।

### प्राकृतिक आपदा में मृतक के वारिस को 4 लाख रूपए की राशि स्वीकृत

अम्बिकापुर 11 सितम्बर 2024 जिले के अपर कलेक्टर ने तहसील लुण्ड्रा के कोट निवासी कबुतरी की आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु होने पर उनके वारिस रामलाल को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इस राशि की मंजूरी राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6—4 संशोधित प्रावधानों के तहत प्राकृतिक आपदा राहत के अंतर्गत दी गई।

### पीड़ित 30 परिवारों को01 करोड़ 20 लाख रुपये की मुआवजा राशि का किया गया भुगतान

बलरामपुर 06 सितम्बर 2024 कलेक्टर रिमिजियुस एक्का के निर्देशन में प्राकृतिक आपदा से जनहानि हानि के प्रकरणों का तत्काल निराकरण कर मुआवजा राशि का भुगतान किया जा रहा है। इसी कड़ी में अपर कलेक्टर इन्द्रजीत बर्मन ने आरबीसी 6—4 के तहत 30 आपदा पीड़ति में जनहानी के परिजनों को 4—4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। जिसमें मृतक भगवान सिंह, हंसराज, हिरौतिया, बसन्ती, पिंकी, श्रेयांश टोप्पो, संतोषी, सोहन, मोहन यादव, बबिता गुप्ता, नंदलाल, रामजीत, रजनी पोया, कुमारी प्रतिमा, बिरदंगबली, नगेन्द्र गुप्ता, पुसनाथ पैकरा, धीरंजन, काजल, उमिर सिंह, अमृत, राजकुमार पण्डो, कपतरिया बाई, आमदनी लाल, बसमतिया, अजीत लकड़ा, खुशबू, हनोफ उर्फ हर्षित कुम्हरिया, शिवम गुप्ता तथा प्रवीण कुमार की मृत्यु आकाशीय बिजली, जहरीले सर्प के काटने, तालाब व नदी में डूबने एवं अन्य प्राकृतिक आपदा से होने के कारण निकट परिजनों को जनहानि के लिए 04—04 लाख रुपये कुल 01 करोड़ 20 लाख रुपये का मुआवजा राशि का भुगतान किया गया है। ज्ञातव्य है कि प्राकृतिक आपदा से होने वाले जनहानि, पशु हानि, मकान क्षति व फसल क्षति के लिए राजस्व पुस्तक परिपत्र के खंड 6—4 में आर्थिक सहायता का प्रावधान है। जनहानि होने पर मृतक के विधिक वारिस को 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाती है। इसके लिए अपने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन के साथ मृत्यु प्रमाण पत्र, पीएम रिपोर्ट, पहचान पत्र व बैंक पासबुक की छायाप्रति जमा करना अनिवार्य है।

## ग्राम संजयनगर के आमापारा में आयोजित गणेश चतुर्थी पर्व में शामिल हुए क्षेत्र विधायक एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े




सूरजपुर से प्रधान संपादक :- मनीष वैद्य की रिपोर्ट

महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने गणेश चतुर्थी के चौथे दिन सूरजपुर के ग्राम संजयनगर के आमापारा मैं आयोजित गणेश चतुर्थी पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए । उन्होंने भगवान गणेश की पूजा अर्चना की। उन्होंने क्षेत्रवासी एवं प्रदेश के सभी लागों की सुख समृद्धि की कामना की। महिला एवं बाल विकास मंत्री ने गणेश चतुर्थी के अवसर पर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान गणेश की कृपया से आपके जीवन में प्रेम शांति एवं खुशहाली आए। हम सभी भगवान गणेश की ज्ञान एवं साहस से प्रेरणा ले और अपने जीवन में सच्चाई एवं न्याय का मार्ग अपनाएं। समस्त जगत भगवान गणेश की भक्ति में ली है यह मंगल कामना है। यह कार्यक्रम श्री श्री गणेश पूजा समिति आमापारा संजयनगर के द्वारा आयोजित किया गया था श्री श्री गणेश पूजा समिति आमापारा के सदस्यों ने बताया की प्रतिवर्ष के भांति इस वर्ष भी कार्यक्रम उत्साह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में संजयनगर , महावीरपुर सहित आसपास के लोग शामिल हुए।

## विधायक शकुंतला पोर्ते प्रतापपुर के मंगल भवन में हुए शामिल



सूरजपुर 12 सितंबर 2024 प्रतापपुर के मंगल भवन में महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा वजन त्यौहार का शुभा. रंभ विधायक शकुंतला पोर्ते के मुख्य आतिथ्य में हुआ। विधायक द्वारा वजन त्यौहार के महत्व पर प्रकाश डाला गया। प्रतापपुर परियोजना में 27 मिनी आंग. नबाड़ी कार्यकर्त्ताओं को मुख्य आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता का आद. `श मुख्य अतिथि द्वारा वितरित किया गया। इसके साथ ही 3—6 वर्ष के बच्चों को गणवेश वितरण भी किया गया। साथ ही बच्चों का वजन एवं ऊंचाई लेते हुए वजन त्यौहार का शुभारंभ किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा एनीमिया जांच हेतु शिविर में लगभग 120 महिलाओं का एनीमिया जाँच किया गया, साथ ही टी. बी., शुगर, सिकल सेल, ब्लड प्रेसर जाँच भी किया गया।

इस कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं का गोद भराई एवं बच्चों का अन्नप्राशन भी विधायक द्वारा किया गया। एक कदम सुपोषण की ओर ''कुपोषण से सुपोषण की ओर बढ़ता प्रतापपुर'' थीम पर एक नवाचार करते हुए विधायक द्वारा ग्राम पंचायत बरौल को गोद लेते हुए 31 दिसंबर तक कुपोषण एवं अनिमिया मुक्त करने शपथ लेते हुए अंत. र्विभागीय समन्वय एवं जन समुदाय के सहयोग से उक्त लक्ष्य को पूर्ण करने आहवान किया गया।

कार्यक्रम में नगर पंचायत उपाध्यक्ष रंजनी मुकेश अग्रवाल, लक्ष्मी गुप्ता, व्यापार प्रकोष्ठ मंडल संयोजक मुकेश अग्रवाल, पार्षद अरविन्द जायसवाल, हरी गुप्ता, विनोद जायसवाल, गुलाब मोहन तिवारी, शहादत हुसैन, सीएमओ, सीईओ राधेश्याम मिर्झा, राकेश मोहन मिश्रा, परियोजना अधिकारी मो. हम्मद इमरान अख्तर व अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## जिला एमच्योर वॉलीबाल प्रतियो. गिता रायपुर में भाग लेने सार्थक आवासीय वॉलीबाल अकादमी के खिलाड़ी हुए रवाना



सूरजपुर 13 सितंबर 2024 कलेक्टर रोहित व्यास के सफल निर्देशन व मार्गदर्शन में जिले के स्वा.आ.हिन्दी मा.स्कूल बिश्रामपुर में संचालित सार्थक आवासीय वॉलीबाल अकादमी के बालिका खिलाड़ी रायपुर में आयोजित ''एमच्योर वॉलीबाल प्रतियोगिता'' में भाग लेने के लिए रवाना हुए। यह प्रतियो. गिता सप्रे शाला रायपुर स्थित वॉलीबाल ग्राउण्ड में 13 से 15 सितम्बर तक आयोजित होगी। खिलाड़ियों के साथ कोच, मै. नेजर के रूप में दिनेष साहू व रविषंकर सम्मिलित होंगे। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट वॉलीबाल एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय गोयल, डी.एस.पी. रामश्रृंगार यादव, खेल अधिकारी आरती पाण्डेय, सहायक क्रीड़ा अधिकारी शरदेन्दु कुमार शुक्ल, वॉलीबाल संघ के उपाध्यक्ष पंकज गर्ग, संघ के कोषाध्यक्ष राजनाथ, सोनू यादव, पंकज डोंगरे द्वारा खिलाड़ियों को परिधान भेंट कर अग्रिम शुभकामना दी गई।

## वन आधारित आजीविका संवर्धन के लिए जिला स्तरीय कार्यशाला का हुआ आयोजन



सूरजपुर 13 सितंबर 2024 जिले की अपार वन संपदा एवं बड़ी मात्रा में होने वाले वनोपज के द्वारा वनोपज संग्राहकों की आजीविका संवर्धन के लिए आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला लघु वनोपज सहक. ारी यूनियन मर्यादित द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में वनोपज संग्रहकर्ताओं को उनकी आय बढ़ाने के साथ विभिन्न योजनाओं की भी जानकारी सभी विभागों के विशेषज्ञ प्रति. निधियों द्वारा दी गयी। जिसमें 10 अलग अलग विभाग है राष्ट्रीय आजीविका मिशन बिहान, आदिवासी विकास विभाग, उद्यानिकी विभाग, रेशम विभाग, कृषि विभाग, पशुधन विभाग, मत्स्य विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, मनरेगा, महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा शासन की विभिन्न विभागीय योजनाओं के संबंध में विस्तार पूर्वक बताया गया। जिला प्रशासन द्वारा वन विभाग, राज्य लघु वनोपज संघ, जिला लघु वनोपज सहकारी यूनियन, फा. उंडेशन फॉर इकोलॉजिकल सिक्योरिटी, चौपाल और संगत संस्था के सहयोग से आयोजित ह ु अ ा । संस्था के सहयोग से सुरजपुर के सभी गांव में महिला स्व. सहायता समूहों के सदस्यों में से महिला लीडर तैयार कर ग्रामीणों को संग्रहण पूर्व, संग्रहण के दौरान एवं संग्रहण के पश्चात विक्रय, न्यूनतम समर्थन मूल्य, मूल्य निर्धारण, बाजार पहुंच एवं वनोपज प्रसंस्करण हेतु प्रशिक्षण दिया जा रहा जिसमें निरंतर प्रशिक्षण के साथ लगातार कार्यों के लिए सहयोग, निरन्तर बैठक एवं ऑनलाइन प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। यह कार्यशाला में सभी के साथ समन्वय बिठाकर आगे कैसे एक जिला सपोर्ट ग्रुप का गठन कर जिला के लिए वन आधारित आजीविका संवर्धन पर कार्ययोजना बनाई जा सके, उसपर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। साथ ही महीने में नियमित बैठक करने और एक दूसरे का सहयोग करने पर चर्चा करते हुए कार्यशाला का समापन किया गया।

## युवाओं के कौशल विकास और सशक्तिकरण के लिए प्रदेश में तेजी से हो रहा है कायर्र मुख्यमंत्री साय

### मुख्यमंत्री भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा आयोजित युवा उत्सव 3.0 में हुए शामिल





रायपुर 20 सितंबर 2024 मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा राजधानी रायपुर के दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित युवा उत्सव 3.0 को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत का नारा दिया है और वे हमेशा कहते हैं कि युवाओं को जॉब गिवर बनना चाहिए ना की जॉब सीकर। निश्चित रूप से विक. सित भारत बनाने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी युवाओं पर है और इस लक्ष्य को पाने में छत्तीसगढ़ की युवाशक्ति की भ. ूमिका महत्वपूर्ण है । मुख्यमंत्री साय ने कहा कि यह खुशी की बात है कि आपने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत की संकल्पना को अपने आयोजन की थीम बनाया है। युवा उत्सव के दौरान अलग—अलग विषयों को लेकर पैनल डिस्कशन होंगे, जिसमें युवाओं के लिए उद्यम में अवसर पर बात होगी। सीआईआई और यंग इंडियन्स की इस पहल से वर्तमान और भावी पीढ़ी को सफल उद्यमी बनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उद्योग जगत नए जमाने की प्रौद्योगिकी और रा. `जगार जरूरतों के मुताबिक स्किल डेवलपमेंट करने और शिक्षा देने की बात पर जोर दे रहा है। इसी कड़ी में हम प्रदेश के आदिवासीबहुल क्षेत्र के युवाओं को अब रोबोटिक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे तकनीकी विषय पढ़ा रहे हैं। प्रदेश के स्कूलों में स्किल डेवलपमेंट का कोर्स शामिल करने से पढ़ाई के साथ ही बच्चे हुनरमंद भी हो रहे हैं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमारे साथ उद्योग जगत के लोग बैठे हैं। आप सभी जानते है कि प्रदेश में प्रशिक्षित कुशल इंजीनियरों की बहुत अधिक मांग है। इस मांग को पूरी करने हम छत्तीसगढ़ में नए प्रौद्योगिकी संस्थान आरंभ करने जा रहे हैं। इस बजट में हमने आईआईटी की तर्ज पर पांच सीआईटी आ. रंभ करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के मौके पैदा कर रही है। जल्द ही स्वास्थ्य विभाग में 650 पदों पर मेडिकल स्टाफ की नियुक्ति की जाएगी। एक हफ्ते पहले हमने पुलिस में विभिन्न पदों में भर्तियों के लिए स्वीकृ ति दी है। नालंदा की तर्ज पर हम सभी नगरीय निकायों में हा. ईटेक लाइब्रेरी बनवा रहे हैं। नवा रायपुर को हम आईटी हब के रूप में विकसित कर रहे हैं मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमने सिंगल विण्डो सिस्टम 2.0 लागू किया है और नई उद्योग नीति भी ला रहे है। छत्तीसगढ़ उद्यम क्रांति योजना के माध्यम से हम युवा उद्यमियों को बढ़ावा देंगे। इसके लिए प्रदेश के युवाओं को 50 प्रतिशत सब्सिडी के साथ ब्याजमुक्त ऋण प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारा प्रदेश मूलतः कृषि आधारित होने से खाद्य प्रसंस्करण उद्योग क्षेत्र में विकास की बड़ी संभावनाएं है। छत्तीसगढ़ फूड प्रोसेसिंग का वै. श्विक केंद्र बनेगा। हवाई कार्गो सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी ताकि इन उत्पादों को वैश्विक बाजार से जोड़ा जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सरगुजा और बस्तर को विकास की मुख्यधारा में शामिल कर अर्थव्यवस्था को विस्तार दे रहे हैं। इन दोनों ही संभागों में आप लोगों के लिए बड़ी संभावनाएं हैं। दोनों ही जगहों में जैविक उत्पाद और लघु वना. `पज को लेकर भी बड़ा काम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत की सं. कल्पना के अनुरूप विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए हम प्रदेश में कार्य कर रहे हैं। हमने अपना बजट वर्ष 2047 के विकसित छत्तीसगढ़ के लक्ष्यों को देखते हुए तैयार किया है मुख्यमंत्री साय ने कहा कि मुझे उम्मीद है हमारे छत्तीसगढ़ प्रदेश सहित देशभर का युवा राष्ट्र की मजबूती में अपना योगदान देने में पीछे नहीं रहेगा। इस अवसर पर संजय जैन, अनुजा भंडारी, गौरव अग्रवाल, श्वेता सहित सीआ. ईआई छत्तीसगढ़ के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पहुंचविहीन क्षेत्र कस्तुरमेटा पहुंचे मंत्री केदार कश्यप

रायपुर, 15 सितम्बर 2024 वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास, सहक. ारिता और संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप ने आज नारायणपुर जिले के पहुंचविहीन क्षेत्र कस्तुरमेटा में पहली बार पहुंच कर आमजनों की समस्याएं सुनी और निराकरण का भरोसा दिलाया। उन्होंने कस्तुरमेटा शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग के अन्. नप्राशन एवं गोदभराई कार्यक्रम में पहुंच कर बच्चों और माताओं को आशीर्वाद दिया। कश्यप ने गर्भवती माताओं और बच्चों के स्वास्थ्य, वजन और पोषण की उचित देखभाल हेतु विभागीय अधिकारी—कर्मचारियों को निद. `शित किया। मंत्री कश्यप ने पुलिस जवानों की अफजाई करते हुए कहा कि नारायणपुर जिले के पहुंचविहीन क्षेत्रों में 18 से अधिक पुलिस कैंप स्थापित किया गया है, जिससे लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहा है। उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि नारायणपुर से कस्तुरमेटा तक नियमित रूप से बस सेवा प्रारंभ की जाएगी। स्थानीय लोगों से चर्चा करते हुए कहा कि जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड और जन्म प्रमाण पत्र सहित सभी प्रकार के प्रमाण पत्र बनाने के लिए भटकना नही पड़ेगा। इसके लिए जिला प्रशासन को निर्देशित किया गया है। मंत्री श्री कश्यप ने शि. विर में आए महिलाओं से महतारी वंदन योजना से प्रतिमाह मिलने वाली राशि की जानकारी ली। उन्होंने क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और ग्रामीणों से रोजगार की व्यवस्था और मन. रेगा के माध्यम से कार्य के बारे में चर्चा किया। मंत्री कश्यप ने ग्रामीणों के मांग पर कुतुल में पानी की समस्या को हल करने का भी भरोसा दिलाया। शिविर में पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, एसडीएम अभयजीत मंडावी, तहसीलदार चिराग रामटेके, सौरभ कश्यप, जनपद सीईओ मेघलाल मण्डावी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।



## मुख्यमंत्री साय के निर्देशानुसार प्रशासन ने कीकार्यवाही, शोकाकुल परिवारों को 15-15 लाख रुपए, घायल को 3 लाख मुआवजा देगी कंपनी



### कलेक्टर पहुंचे एलुमिना प्लांट के निरीक्षण पर, बिना प्रशासन की अनुमति के प्लांट का पुनः संचालन नहीं होगा शुरू

अम्बिकापुर 11 सितम्बर 2024 मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा गत रविवार को एलुमिना प्लांट में हुए औद्योगिक हादसे में शो. काकुल परिवारों के साथ गहरी संवेदना जताते जिला प्रशासन को उचित कार्यवाही के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री साय के निर्देशों के परिपालन में कले. क्टर सरगुजा द्वारा जांच दल गठित किया गया और इसी कड़ी में बुधवार को कलेक्टर ने स्वयं एलुमिना प्लांट का निरीक्षण भी किया।कलेक्टर ने बताया कि इस औद्योगिक हादसे में मुख्यमंत्री साय के निर्देश अनुसार जांच और मृतकों के परिजनों हेतु मुआवजा की कार्यवाही की जा रही हैं। प्रत्येक शोकाकुल परिवार को 15–15 लाख रुपए की मुआवजा राशि कंपनी द्वारा दिया जा रहा है। इसके साथ ही घायल मरीज को 3 लाख रुपए का मुआवजा दिया जा रहा है। तत्काल कार्यवाही करते हुए गुरुवार को प्रशासनिक टीम परिजनों को यह राशि सौंपेगी। कलेक्टर एवं प्रशासनिक टीम द्वारा एलुमिना प्लांट का निरीक्षण किया गया। टीम द्वारा सुरक्षा मानकों के पालन हेतु कड़ाई से जांच की जा रही है। बिना प्रशासन की अनुमति के प्लांट का पुनः संचालन शुरू नहीं किया जायेगा।

## जिला प्रशासन की टीम ने अवैध रेत उत्खनन में लावा नदी से 4 ट्रेक्टर जब्त किया



जशपुर, 8 सितम्बर 2024 मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अवैध रेत उत्खनन करने वालों पर कड़ी निगरानी करने के निर्देश दिए हैं। इस कड़ी में आज जन सूचना के आधार पर लावा नदी डुमरटोली क्षेत्र में राजस्व तसीलदार मनोरा, खनिज इंस्पेक्टर जशपुर और पुलिस विभाग मनोरा के द्वार संयुक्त जांच किया गया जिसमें 04 ट्रेक्टर खनिज रेत के अवैध परिवहन करते पाया गया जांच टीम ने खनिज नियम के तहत कार्यवाही करते हुए सभी को जप्त कर पुलिस थाना कोतवाली जशपुर की अभिरक्षा मे रखा गया सभी जप्ती वाहनो पर खान तथा खनिज विकास तथा विनियमन अधिनियम के उल्लेखित प्रवाधानो के तहत अग्रिम कार्यवाहि की जाएगी। कार्यवाही के दूसरे दिन भी जांच जारी रही जांच के दौरान एक भी गाड़ी लगा हुआ नहीं पाया गया उक्त जांच ग्रामीणों के शिकायत के आधार पर की गई लगातार कुछ दिनों से शिकायत प्राप्त हो रही थी कि बाहर की ट्रैक्टर जाकर मनोरा अंतर्गत रेत घाटों से अवैध तरीके से खनन करके रेत ले जाया जा रहा है।

## मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े ने आंगनबाड़ी केंद्र वीरपुर में वजन त्यौहार का किया शुभारम्भ

### जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में किया गया वजन त्यौहार का शुभारंभ



सूरजपुर 12 सितंबर 2024 मंत्री महिला एवं बाल विकास विभाग लक्ष्मी रजवाड़े ने आज परियोजना सिलफिली के सेक्टर पार्वतीपुर के आंगनबाड़ी केंद्र वीरपुर में वजन त्यौहार 2024 का शुभारम्भ किया। साथ ही वजन त्यौहार के अवसर पर हरी झंडी दिखाकर वजन त्यौहार रथ को भी रवाना किया।

वीरपुर में आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के द्वारा बच्चों के वजन का अनुश्रवण किया गया और जानकारी ली गयी। इस दौरान उन्होंने बच्चों की माताओं को बच्चों के स्वास्थ्य एवं उचित देखभाल के लिए संतुलित तथा पौष्टिक आहार के सेवन हेतु समझाईश दी। साथ ही कार्यक्रम के दौरान मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण भी किया। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रीय पोषण माह 2024 की गतिविधियों की जानकारी ली एवं स्कूल की बच्चियों की एनिमिया जांच का अवलोकन किया। इस दौरान मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े द्वारा स्वयं का स्वास्थ्य जांच कराया भी गया।

गौरतलब है कि राष्ट्रीय पोषण माह के तहत आज जिले में वजन त्यौहार कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है।

इस कार्यक्रम का आयोजन 12 से 23 सितंबर 2024 तक किया जाना है। इस कार्यक्रम का आयोजन आज जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में किया गया। जिसमें 0 से 06 वर्ष से कम बच्चों का वजन एवं उंचाई जांच कर कम वजन वाले बच्चों को चिन्हित कर कुपोषण की स्थिति का पता लगाया गया। इस दौरान उनके कुपोषण के स्तर की भी जांच भी की गई। वजन त्यौहार का उद्देश्य 6 वर्ष से कम आयु के बच्चों के पोषण स्तर का आकलन कर शत प्रतिशत रूप में सुपोषित करना है।

## नेशनल लोक अदालत का हुआ सफल आयोजन

22 सितंबर 2024 राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के दिशानिर्देशन में जिला एवं सत्र न्यायालय सूरजपुर, कुटुम्ब न्यायालय सूरजपुर, तालुका न्यायालय प्रतापपुर एवं जिले के समस्त राजस्व न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत का शुभारंभ जिला एवं सत्र न्यायालय के कोर्ट कक्ष से श्री अमितेन्द्र किशोर प्रसाद, उच्च न्यायालय बिलासपुर, गोविन्द नारायण जांगड़े, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, संतोषा शर्मा न्यायाधीश कुटूम्ब न्यायालय, न्यायिक अधिकारीगण, अधिवक्तागण एवं बैंक अधिकारीयों द्वारा द्वीप प्रज्वलन कर किया गया नेशनल लोक अदालत में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एव जिला परिवहन विभाग के समन्वय से जिला न्यायालय परिसर में लर्निंग लायसेंस बनवाने हेतु कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में कुल 76 लोगों ने लर्निंग लाइसेंस सर्टिफिकेट प्राप्त किया। लोक अदालत में न्यायालय में लंबित आपसी विवाद के मामले, व्यवहारवाद, मोटर दुर्घटना दावा पारिवा. रिक विवाद, जिला न्यायालय में वर्षों से लंबित राजस्व प्रकरणों एवं बैंक ऋण विद्युत, जल के बकाया देयकों का प्री लिटिगेशन प्रकरण नेशनल लोक अदालत में रखे गये थे। प्रकरणों के नि. राकरण हेतु जिले में कुल 32 खंडपीठ गठित किये गये थे। नेशनल लोक अदालत में समस्त न्यायालयों से 5064 लंबित प्रकरण एवं 5645 प्री–लिटिगेशन प्रकरण विचारार्थ में रखे गये थे। जिसमें कुल 4185 प्रकरण के पक्षकारों में आपसी समझौते के आधार पर सफलता पूर्वक निराकरण कर फुल 3 करोड़ 96 लाख 14 हजार 139 रूपये का जिला सूरजपुर द्वारा अवार्ड पारित किया गया। लोक अदालत में कुल 4185 प्रकरणों से संबंधित पक्षकारगण लाभान्वित हुये।

## विशेष पिछड़ी जनजातीय समुदायों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने पीएम जनमन अंतर्गत ग्राम पंचायत दुर्गापुर में लगाई गई शिविर





बलरामपुर 6 सितंबर 2024 केंद्र सरकार द्वारा विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना चलाई जा रही है,इस योजना के अंतर्गत पहाडी कोरवा परिवारों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। ग्रामीणों का राशन कार्ड, आधार कार्ड और जाति, निवास प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है, जिसका लाभ दिलाने के लिए विभागों द्वारा शिविर लगाकर योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। इसी कडी में कलेक्टर के मार्गदर्शन एवम जिला पंचायत सीईओ के नेतृत्व में शंकरगढ विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत दुर्गापुर में पीएम जनमन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सभी विभागों ने अपने–अपने स्टॉल्स के माध्यम से आमजनों को केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।और किस तरह से योजनाओ का लाभ लिया जा सकता है इस संबंध में विस्तार से बताया।इस शिविर में लगभग 300 लोगों ने भाग लिया, जिसमें महिलाओं, किसानों, श्रमिकों और युवाओं की विशेष उपस्थिति रही।

शिविर में सामरी विधायक उद्देश्वरी पैकरा ने आमजनों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की प्राथमिकता हर जरूरतमंद व्यक्ति तक कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाना है। उन्होंने शिविर की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए एक अच्छा मंच प्रदान करते हैं। आप सभी लोग योजना का लाभ लेते हुए अन्य लोगो को भी लाभ लेने अवश्य प्रेरित करें।शिविर के दौरान विभिन्न योजनाओं अंतर्गत हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया गया।आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 10 नए कार्ड जारी किए गए।साथ ही राशन कार्ड के 5 नए ,प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत 2 म. हलाओं ने आवेदन किए।किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत भी 2 किसानों ने आवेदन प्रस्तुत किए। जिनका त्वरित निराकरण करने सबंधित विभागों को कहा गया।पीवीटीजी परिवार सदस्यों की स्वास्थ्य जांच भी की गई। जिसमे 135 लोगों का सिकलसेल परीक्षण भी किया गया।शिविर में जनपद पंचायत अध्यक्ष शिवशंकर मरावी, विधायक प्रतिनिधि मुकेश कश्यप , जनपद पंचायत सीईओ संजय दुबे सहित अन्य मौजूद रहे।

## रविंद्रनगर एवं सोनवाही पंचायत के बीच सीमा विवाद एवं अवैध कब्जा को लेकर तहसील लाटोरी के द्वारा स्थल निरीक्षण का नोटिस जारी



जिला सूरजपुर के ग्राम पंचायत रविंद्रनगर मैं स्थित राजस्व रिकॉर्ड के शासकीय भूमि मैं सोनवाही पंचायत के कुछ लोगों के द्वारा 16 एकड़ भूमि एवं मुक्ति धाम को अवैध कब्जा कर खेती किया जा रहा है एवं मिट्टी के घर निर्माण किया गया है दोनों पंचायत के बीच में सीमा विवाद को लेकर सोनवाही पंचायत के कुछ लोगा के द्वारा एस,डी,एम कार्यालय में सीमा विवाद का प्रकरण दर्ज किया गया सीमा विवाद का कोई त्रुटि का कोई कागज पेश न होने के करण से एस,डी,एम कार्यालय से तहसील लाटोरी को प्रकरण भेज दिया गया एवं तत्काल निराकरण करने का निर्देश दिए तहसील लाटोरी द्वारा स्थल निरीक्षण का नोटिस जारी कर तत्काल घटनास्थल का विवरण प्रस्तुत करने को कहा राजस्व निरीक्षक आर,आई, ने 14 सितंबर शनिवार को पंचायत रविंद्रनगर एवं सोनवाही पंचायत को अपना दस्तावेज लेकर निरीक्षण स्थल को पहुंचने को कहा गया नक्शा ना मिलन होने के कारण स्थल निरीक्षण का डेट आगला तिथि को करने के लिए कहा एवं दोनों पंचायत को अपना–अपना नक्शा प्रस्तुत करने के लिए कहा घटनास्थल में राजस्व निरीक्षक आर,आई एवं पटवारी रविंद्रनगर एवं पटवारी सोनवाही रविंद्रनगर सरपंच सोनवाही सरपंच एवं सोनवाही के ग्रामीण एव रविंद्र नगर के ग्रामीण उपस्थित थे



पिलखा
कार्यालय राजस्व निरीक्षक लटोरी, तहसील – लटोरी, जिला – सूरजपुर छ0ग0

सूचना

कमांक / 9 / रा0नि0 / 2024 लटोरी दिनांक 11 / 09 / 2024

| कं0 | नाम | पिता / पति का नाम | जाति | निवास स्थल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | सरपंच, ग्राम पंचायत सोनवाही, जनपद पंचायत - सूरजपुर | | | |
| 2 | ईश्वर रजवाड़े | समय लाल | रजवार | सोनवाही |
| 3 | हेमा | गोहर साय | रजवार | —"— |
| 4 | बहाल राजवाड़े | रामलाल | —"— | —"— |
| 5 | दुलसाय | रामलाल | —"— | —"— |
| 6 | सरपंच ग्राम पंचायत रविन्द्रनगर, जनपद पंचायत - सूरजपुर | | | |
| 4 | शंकर कुमार राय | स्व. शरदचन्द्र राय | [illegible] | रविन्द्रनगर |
| 8 | अरविन्द चटर्जी | स्व. [illegible] चटर्जी | | —"— |
| 9 | कन्हाई लाल विश्वास | श्री [illegible] विश्वास | - | —"— |
| 10 | मानिक दास | स्व. [illegible] दास | - | —"— |
| 11 | सपन सिकदार | स्व. [illegible] सिकदार | - | —"— |

विषय :– सीमांकन / बंटवारा / स्थल जॉच / त्रुटि सुधार / सीमा विवाद ग्राम रविन्द्रनगर एवं ग्राम सोनवाही के बीच

संदर्भ :– न्यायालय तहसीलदार लटोरी के आदेश क्र. 19 / [illegible] / 2024 लटोरी दि. 13/08/2024

संदर्भित आदेश के परिपालन में श्री / श्रीमति सरपंच ग्राम पंचायत सोनवाही पिता / पति — जाति — निवासी सोनवाही के खाते की भूमि स्थित ग्राम रविन्द्रनगर प0ह0न0 26 की खसरा न0 213, 214, 215, 216, 217 रकबा 0.20, 3.55, 1.69, 0.55, 0.5 हे0 भूमि का सीमांकन / बंटवारा / स्थल जॉच / त्रुटि सुधार का स्थल जॉच मेरे द्वारा हल्का पटवारी के साथ दिनांक 14 / 09 / 2024 दिन शनिवार का किया जायेगा।

अतः आप सभी अपने अभिलेख के साथ उपस्थित रहकर आवश्यक सहयोग प्रदान करने की कृपा करें।

सरपंच ग्राम पंचायत रविन्द्रनगर ज.पं. सूरजपुर जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

सरपंच ग्राम पंचायत सोनवाही ज.पं.+जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

राजस्व निरीक्षक लटोरी जिला–सूरजपुर (छ.ग.)

## जशपुर जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार से पड़ोसी राज्यों के लोग भी हो रहे लाभान्वित

जशपुर 16 सितंबर 2024 मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के हो रहे विस्तार का लाभ पड़ोसी राज्य झारखंड को भी मिल रहा है। जशपुर जिला मुख्यालय से लगभग 26 किला. मीटर दूर जशपुर विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत लोदाम झारखंड बॉर्डर के समीप है। यहां पर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोदाम में झारखंड के आसपास के गावों के लोग अपना इलाज कराने आते हैं। इसके साथ ही उनका आयुष्मान कार्ड भी यहां पर बन रहा है। लोदाम सीएचसी की बीपीएम के अनुसार झारखंड के मांझा टोली सहित अन्य ग्राम पंचायतों के लोग यहां की बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के कारण इलाज के लिए आते हैं। पिछले 4 महीनों में यहां झारखंड के 27 निवासियों की सामान्य प्रसव सफलतापूर्वक कराई गई है। इसके अलावा 10 से अधिक टा. इफाइड के मरीजों की जांच और उपचार किया गया है। इसके अलावा अन्य बीमारियों के इलाज के लिए भी लोग यहां आते हैं। लोदाम सीएचसी में एक्सरे, ब्लड टेस्ट, सामान्य प्रसव, आयुष्मान कार्ड जैसी सेवाओं सहित अन्य बीमारियों के इलाज की भी सुविधा है। मुख्यमंत्री साय के निर्देश पर जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे है। इसी के तहत जशपुर जिले में 18 एबीबीएस और 7 विशेषज्ञ चिकित्सकों को नियुक्ति की जा चुकी है। इसके अलावा नवीन स्वास्थ्य केंद्रों की स्थापना के साथ ही मेडिकल उपकरणों की खरीदी और अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति की जा रही है।

## निर्वाचन आयोग में भी त्रुटि ग्राम पंचायत रविंद्र नगर में दूसरे पंचायत के 50 मतदाता का नाम दर्ज

### रविंद्रनगर के ग्रामीणों के द्वारा संयुक्त कलेक्टर सूरजपुर को ज्ञापन सौंपकर की कार्रवाई की मांग




जिला सूरजपुर मैं स्थित ग्राम पंचायत रविंद्रनगर में अजबनगर पंचायत के 50 मतदाताओं का नाम दर्ज है जबकि उनका राशन कार्ड और आधार कार्ड वोटर आईडी सभी ग्राम पंचायत रविंद्रनगर में बना हुआ है लेकिन राजस्व रिकॉर्ड के मुता. बिक ग्राम पंचायत अजबनगर में निवास करते हैं राजस्व रिकॉर्ड में जब उनका रविंद्रनगर में कोई जमीन ही नहीं है तो उनका पटवारी प्रतिवेदन कैसे दिया गया है यह तो जांच का विषय है ग्राम पंचायत रविंद्रनगर एक पुनर्वास ग्राम है एवं बंगाली शरणार्थी का निवास है इतना बड़ी त्रुटि कैसे हो जाता है क्या यह त्रुटि जानबूझकर किया जाता है या हो जाता है यह समझ से बाहर है छत्तीसगढ़ बंगाली समाज के पदाधिकारी के द्वारा संयुक्त कलेक्टर सूरजपुर को ज्ञापन सा. ैपकर निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई करने की मांग किया गया है

## मिशन शक्ति अतंर्गत 100 दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन




सूरजपुर 13 सितंबर 2024 रेवती रमन मिश्र कॉलेज सूर. जपुर में जिले के कलेक्टर रो. हित व्यास के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी रमेश साहू के निर्देशानुसार मिशन शक्ति 100 दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जुलाई 2024 से लागू होने वाले तीन नये कानूनों के बारे में छ.ग. उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता हरिशंकर त्रिपाठी के द्वारा विस्तृत रूप से जानकारी दी गई और बताया गया कि पूर्व में अंग्रेजों द्वारा कानून 1860 में बनाया गया था जो आज के परिवेश के अनुसार सही नहीं था उसे बदलकर आज के समस्याओं के अनुसार कानून बनाये गये है यह लोगों की सुविधा के लिये बहुत ही महत्वपूर्ण है, यदि व्यक्ति अपने आचरण और व्यवहार को अच्छा बनाकर रखेंगे तो कानून की आवश्यकता ही नहीं पडेगी। जिला इसी तारतम्य में महिला एवं बाल विकास विभाग से संरक्षण अधिकारी इन्द्र चौबे तिवारी द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढाओ बेटी जन्म को प्रोत्साहन देने हेतु शासन द्वारा बनाये गये योजनाओं नोनी सुरक्षा योजना, सुकन्या योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना मातृत्व वंदना योजना महतारी वंदन योजना आदि के बारे में जानकारी देते हुए बच्चियों को सशक्त बनाने तथा महिलाओं के सम्मान की बात कही गई। इस कार्यक्रम म

उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्कता हरिशंकर त्रिपाठी महिला एवं बाल विकास विभाग से जिला संरक्षण अधिकारी इन्द्र चौबे तिवारी कॉलेजे के प्रिंसिपल एच.एन. दुबे, सी.बी. मिश्रा, रश्मि पाण्डेय एवं समस्त स्टाफ तथा कॉलेज के समस्त छात्र–छात्राएं उपस्थित रहीं।

pilkha bhoomi master file manish_manish 9/27/2024 11:42 AM Page 3



# जम्मू–कश्मीर विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 61.38 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया

निर्वाचन आयोग के दो प्रेस नोट संख्या 134 और 135 दिनांक 18.09.2024 के अनुसार वर्तमान में चल रहे जम्मू–कश्मीर विधानसभा चुनाव 2024 में 24 विधानसभा क्षेत्रों के लिए पहले चरण में 61.38 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। पहले चरण के लिए लिंगवार मतदान प्रतिशत के आंकड़े नीचे दिए गए हैंरू 2. वोट डालने के दिन मतदान केंद्रों पर मतदान के रुझान को आयोग द्वारा अपने वोटर टर्नआउट ऐप के माध्यम से सुबह 9रू30 बजे से हर दो घंटे में उपलब्ध कराया गया था। जम्मू–कश्मीर मुख्य चुनाव अधिकारी ने पुष्टि की है कि सभी मतदान दल सुरक्षित लौट आए हैं। जम्मू–कश्मीर विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए विधानसभा




01 चरण–पहला चरण (24 विधानसभा )

02 पुरुष मतदान–63.75:

03 महिला मतदान–58.96:

04 तृतीय लिंग मतदान–40:

05 समग्र मतदान–61.38:

निर्वाचन क्षेत्र और लिंगवार मतदाताओं के मतदान का आंकड़ा में दिया गया है। इसके अलावा, उम्मीदवारों को उनके मतदान एजेंटों के माध्यम से फॉर्म 17सी की एक प्रति भी प्रदान की गयी है। मतदान केंद्रों पर मतदान प्रतिशत दिया गया है और डाले गए अंतिम वोट भी गिनती के बाद डाक मतपत्रों की गिनती के साथ उपलब्ध होंगे। डाक मतपत्रों में सेवाओं से जुड़े मतदाताओं, अनुपस्थित मतदाताओं (85, दिव्यांग, आवश्यक सेवाओं से जुड़े आदि) तथा चुनाव ड्यूटी पर मतदाताओं को दिए गए डाक मतपत्र शामिल हैं। स्थापित दिशानिर्देशों के अनुसार, प्राप्त हुए ऐसे डाक मतपत्रों का दैनिक लेखा–जोखा सभी उम्मीदवारों को दिया जाता है।

## वायु सेना उप प्रमुख एयर मार्शल अमर प्रीत सिंह अगले वायु सेना प्रमुख नियुक्त

सरकार ने वर्तमान में वायु सेना के उप प्रमुख के रूप में सेवारत एयर मार्शल अमर प्रीत सिंह, पीवीएसएम, एवीएसएम को एयर चीफ मार्शल के रैंक पर अगला वायु सेना प्रमुख नियुक्त किया है। वह 30 सितंबर, 2024 की दोपहर से अगले वायुसेना प्रमुख के रूप में कार्यभार ग्रहण करेंगे। वर्तमान वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल विवेक राम चौधरी, पीवीएसएम, एवीएसएम, वीएम, एडीसी 30 सितंबर, 2024 को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। 27 अक्टूबर 1964 को जन्मे एयर मार्शल अमर प्रीत सिंह को दिसंबर 1984 में भारतीय वायु सेना की फाइटर पायलट स्ट्रीम में तैनात किया गया था। अपनी लगभग 40 वर्ष की लंबी और विशिष्ट सेवा के दौरान, उन्होंने विभिन्न कमांड, स्टाफ, अनुदेशात्मक और विदेशी नियुक्तियों के दौरान सेवाएं प्रदान की हैं। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज और राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय के पूर्व छात्र, एयर ऑफीसर योग्य उड़ान प्रशिक्षक और प्रायोगिक टेस्ट पायलट हैं, जिन्हें विभिन्न प्रकार के फिक्स्ड और रोटरी विंग विमानों पर 5,000 घंटे से अधिक उड़ान



भरने का अनुभव है। अपने करियर के दौरान ऑफीसर ने एक ऑपरेशनल फाइटर स्क्वाड्रन और एक फ्रंटलाइन एयर बेस की कमान संभाली है। टेस्ट पायलट के रूप में, उन्होंने मास्को, रूस में मिग–29 अपग्रेड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट टीम का नेतृत्व किया। वह नेशनल फ्लाइट टेस्ट सेंटर में प्रोजेक्ट डायरेक्टर (फ्लाइट टेस्ट) भी रहे और उन्हें हल्के लड़ाकू विमान तेजस की उड़ान परीक्षण का दायित्व सौंपा गया था। उन्होंने दक्षिण पश्चिमी वायु कमान में एयर डिफेंस कमांडर और पूर्वी वायु कमान में सीनियर एयर स्टाफ ऑफिसर के महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। वायु सेना के उप प्रमुख का पदभार संभालने से पहले, वह मध्य वायु कमान के एयर ऑफिसर कमांडिंग–इन–चीफ थे।

## अमेरिका की यात्रा पर निकलने से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वक्तव्य



अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की ओर से उनके गृहनगर विलमिंगटन में आयोजित क्वाड शिखर सम्मेलन में भाग लेने और न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में समिट ऑफ द फ्यूचर को संबोधित करने के लिए अमेरिका की तीन दिवसीय यात्रा पर जा रहा हूं। मैं क्वाड शिखर सम्मेलन में अपने सहयोगियों राष्ट्रपति बाइडेन, प्रधानमंत्री अल्बानसे और प्रधानमंत्री किशिदा के साथ शामिल होने के लिए उत्सुक हूं। क्वाड हिंद–प्रशांत क्षेत्र में शांति, प्रगति और समृद्धि के लिए काम करने वाले समान विचारधारा वाले देशों के एक प्रमुख समूह के रूप में उभरा है।राष्ट्रपति बाइडेन के साथ मेरी बैठक हमें अपने लोगों और दुनिया के हित में भारत–अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने के लिए नए रास्तों की समीक्षा और पहचान करने का मौका देगी। मैं भारतीय प्रवासियों और खास अमेरिकी व्यापारिक दिग्गजों के साथ जुड़ने के लिए उत्सुक हूं, जो प्रमुख हितधारक हैं और दुनिया के सबसे बड़े और सबसे पुराने लोकतंत्रों के बीच अनूठी साझेदारी को जीवंत करते हैं। संयुक्त राष्ट्र का समिट ऑफ द फ्यूचर वैश्विक समुदाय को मानवता की बेहतरी के लिए आगे की राह तैयार करने का एक अवसर है। मैं मानवता के छठे हिस्से के विचारों को साझा करूंगा क्योंकि शांतिपूर्ण और सुरक्षित भविष्य में उनकी हिस्सेदारी दुनिया में सबसे अधिक है।

## प्रधानमंत्री ने क्वाड कैंसर मूनशॉट कार्यक्रम में भाग लिया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विलमिंगटन, डेलावेयर में क्वाड लीडर्स समिट के मौके पर राष्ट्रपति जोसेफ आर. बाइडेन जूनियर द्वारा आयोजित क्वाड कैंसर मूनशॉट कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर बोलते हुए, प्रधानमंत्री ने ग्रीवा के कैंसर को रोकने, उसका पता लगाने व इलाज करने के उद्देश्य से राष्ट्रपति बाइडेन की इस विचारशील पहल की बेहद सराहना की। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम हिन्द–प्रशांत देशों में लोगों को किफायती, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य संबंधी देखभाल प्रदान करने में काफी मदद करेगा। उन्होंने कहा कि भारत भी अपने देश में बड़े पैमाने पर ग्रीवा के कैंसर की जांच का कार्यक्रम चला रहा है।



स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में भारत के प्रयासों के बारे में बात करते हुए, उन्होंने इस बात का उल्लेख किया कि देश ने ग्रीवा के कैंसर का टीका विकसित कर लिया है और इस बीमारी के एआई आधारित उपचार प्रोटोकॉल की दिशा में काम कर रहा है। कैंसर मूनशॉट पहल में भारत के योगदान के रूप में, प्रधानमंत्री ने भारत के 'एक विश्व, एक स्वास्थ्य' के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए, हिन्द–प्रशांत क्षेत्र में कैंसर परीक्षण, जांच और निदान के लिए 7.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर के अनुदान प्रदान करने की घोषणा की। प्रधानमंत्री ने यह भी घोषणा की कि भारत हिन्द–प्रशांत क्षेत्र में कैंसर की रोकथाम के लिए रेडियोथेरेपी उपचार और क्षमता निर्माण में सहायता प्रदान करेगा। उन्होंने इस बात का भी उल्लेख किया कि गावी और क्वाड कार्यक्रमों के तहत भारत से टीके की 40 मिलियन खुराक की आपूर्ति से हिन्द–प्रशांत क्षेत्र के देशों को लाभ होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब क्वाड कार्य करता है, तो यह केवल राष्ट्रों के लिए ही नहीं होता है बल्कि यह लोगों के लिए होता है और यही इसके मानव–केन्द्रित दृष्टिकोण का असली सार है। भारत डिजिटल स्वास्थ्य से संबंधित विश्व स्वास्थ्य संगठन की वैश्विक पहल में अपने 10 मिलियन अमेरिकी डॉलर के योगदान के माध्यम से कैंसर की जांच, देखभाल और निरंतरता के लिए डीपीआई पर हिन्द–प्रशांत क्षेत्र के इच्छुक देशों को तकनीकी सहायता भी प्रदान करेगा।कैंसर मूनशॉट पहल के माध्यम से, क्वाड नेताओं ने हिन्द–प्रशांत क्षेत्र के देशों में ग्रीवा के कैंसर की देखभाल और उसके उपचार से जुड़े इकोसिस्टम में अंतराल को पाटने के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता जताई। इस अवसर पर एक 'जॉइंट कैंसर मूनशॉट फैक्ट शीट' जारी की गई।

समाचार पत्र व चैनल
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
PRGI.CHHHIN/2023/88305
सदस्यता शुल्क Rs.999
क्या आप एक पत्रकार है या बनाना चाहते है मीडिया जगत में अपना कैरियर
अभी सम्पर्क करें।
7583080630,7745977241
पिलखाभूमि ..अनदेखा सच..





## संपादकीय

# मंत्रिमंडल ने हाल ही में 15वें वित्त आयोग अवधि में 2602.98 करोड रुपये के परिव्यय के साथ वन्यजीव आवास विकास योजना को जारी रखने को मंजूरी दी


### योजना में प्रोजेक्ट टाइगर, प्रोजेक्ट एलीफेंट और वन्यजीव आवास विकास मुख्य घटक होंगे



मंत्रिमंडल ने 11 सितंबर की अपनी बैठक में 15वें वित्त आयोग अवधि के लिए वन्यजीव आवासों के संपूर्ण विकास की केंद्र प्रायोजित योजना को जारी रखने की मंजूरी दी, जिसका कुल व्यय 2602.98 करोड़ रुपये है। उक्त योजना में प्रोजेक्ट टाइगर के साथ–साथ प्रोजेक्ट एलीफेंट और वन्यजीव आवासों के विकास का महत्वपूर्ण उप घटक शामिल है। यह सरकार की 100 दिवसीय कार्य योजना में शामिल मदों में से एक था।

योजना के मौजूदा मौलिक और प्रमुख घटकों को मजबूत करते हुए, इस योजना में बाघ और वन्यजीव युक्त वनों में मौजूदा और अगले वित्तीय वर्ष में विभिन्न विषयगत क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी पहलों को बढ़ावा देने की परिकल्पना की गई है। प्रोजेक्ट टाइगर में पहले से ही दिन–प्रतिदिन के प्रबंधन अभ्यासों में एम–स्ट्राइप्स (बाघों, उनके गहन संरक्षण और पर्यावरणीय स्थिति के लिए निगरानी प्रणाली) मोबाइल एप्लिकेशन जैसी प्रौद्योगिकी का अंतर्निहित उपयोग शामिल है। यह एप्लिकेशन डिजिटल इंडिया पहल के अनुरूप है और 2022 में अखिल भारतीय बाघ अनुमान के 5वें चक्र के दौरान क्षेत्र स्तर के पर्यावरणीय डेटा के संग्रह के लिए बड़े पैमाने पर उसका इस्तेमाल किया गया था। अखिल भारतीय बाघ अनुमान अपने आप में तकनीकी रूप से गहन है, जिसमें देश भर में बाघों के आवासों में कैमरा ट्रैप की व्यापक तैनाती की गई है। इसमें प्रजातियों के स्तर की पहचान के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का भी उपयोग किया गया है। संरक्षण आनुवंशिकी का भी बाघ संरक्षण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण रूप से उपयोग किया गया है, जिसमें बाघों की आनुवंशिक संरचना के आधार पर उनके स्थानांतरण के लिए एक एसओपी जारी किया गया है। इसके अलावा, आनुवंशिकी का उपयोग कम घनत्व वाली जगहों में बाघों की संख्या निर्धारित करने के साथ–साथ इन प्रजातियों की खाद्य पर्यावरणीय स्थिति का निर्धारण करने के लिए भी किया गया है। उक्त योजना के तहत इन उपायों को बढ़ाने का प्रस्ताव है।

प्रोजेक्ट टाइगर घटक देश में महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट चीता का भी समर्थन करता है जिसे वन्यजीव आवासों के संपूर्ण विकास की छत्र योजना के तहत जारी रखा जाएगा। उक्त योजना के तहत चीता कार्य योजना के अनुसार चीता आवास क्षेत्रों का विस्तार करने का प्रस्ताव है और उन्नत रेडियो टेलीमेट्री प्रोटोकॉल का उपयोग करके निगरानी प्रोटोकॉल को मजबूत





### 15वें वित्त आयोग अवधि के साथ–साथ इसकी शेष अवधि के लिए तीन घटकों का समग्र परिव्ययरू

01 योजना का नाम–प्रोजेक्ट टाइगर – (केंद्र का हिस्सा)–1575.00 –(राज्य का हिस्सा)–955.00–(कुल)–2530.00

02 योजना का नाम–प्रोजेक्ट एलिफैंट– (केंद्र का हिस्सा)–182.58 –(राज्य का हिस्सा)–54.00–(कुल)–236.58

03 योजना का नाम–वन्य जीव आवास विकास– (केंद्र का हिस्सा)–845.4 –(राज्य का हिस्सा)–273.02–(कुल)–1118.42

(सभी आंकड़े करोड़ रुपये में ) कुल रू– (केंद्र का हिस्सा)–2602.98–(राज्य का हिस्सा)–1282.02–(कुल)–3885.00

ईएफसी के घटक –(राज्य का हिस्सा)–2024–25–(कुल)–2025–26

01 प्रोजेक्ट टाइगर –(राज्य का हिस्सा)–365.00–(कुल)–365.00

02 प्रोजेक्ट एलिफैंट –(राज्य का हिस्सा)–40.00–(कुल)–40.12

03 वन्य जीव आवास विकास –(राज्य का हिस्सा)–195.00–(कुल)–183.16

कुल –(सभी आंकड़े करोड़ रुपये में ) –(राज्य का हिस्सा)–600–(कुल)–588.28

करने के प्रयास किए जाएंगे। वन्यजीव आवास विकास घटक के अंतर्गत प्रोजेक्ट डॉल्फिन को डॉल्फिन की गणना के साथ–साथ उनके आवास की निगरानी के लिए रिमोटली ऑपरेटेड व्हीकल्स (आरओवी) और निष्क्रिय ध्वनिक निगरानी मशीनों जैसे उपकरणों के प्रावधान के जरिए समृद्ध करने का प्रस्ताव है। वन्यजीव आवास विकास के दायरे में प्रोजेक्ट लॉयन को भी ष्लॉयन / 2047रू अमृत काल के लिए विज़नष नामक दस्तावेज़ में परिकल्पित गतिविधियों के अनुसार मजबूत किया जाएगा। प्रोजेक्ट एलीफेंट घटक के अंतर्गत मानव–हाथी टकराव को सूचना और संचार प्रौद्योगिकी उपायों का लाभ उठाने के लिए परिकल्पित किया गया है

। हालांकि इनका परीक्षण प्रायोगिक आधार पर किया गया है, लेकिन इन्हें बड़े पैमाने पर तैनात किया जाएगा। योजना के अंतर्गत, 55 बाघ अभयारण्य, 33 हाथी अभयारण्य और 718 संरक्षित क्षेत्र तथा उनके प्रभाव क्षेत्र लाभान्वित होंगे। इन क्षेत्रों के वन जलवायु परिवर्तन की प्रतिकूलताओं के विरुद्ध एक सुरक्षा कवच हैं, साथ ही राष्ट्र की जल सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। इसके अलावा, इन जगहों में पाई जाने वाली प्रमुख प्रजातियों, विशेषकर बाघ, हाथी, चीता, हिम तेंदुआ और शेर के हित को बढ़ावा मिलेगा जो इन पर्यावरणीय तंत्रों के संकेतक के रूप में कार्य करते हैं।

इतना ही नहीं, कम ज्ञात प्रजातियां, विशेषकर वन्यजीव आवास घटक के विकास के अंतर्गत प्रजाति पुनर्प्राप्ति कार्यक्रम के लिए पहचानी गई प्रजातियां, इस योजना के जारी रहने से लाभान्वित होंगी।

इस योजना में प्रत्यक्ष जुड़ाव के माध्यम से 50 लाख से अधिक मानव दिवसों की आजीविका सृजन के अलावा इको–टूरिज्म और सहायक गतिविधियों के माध्यम से अप्रत्यक्ष रोजगार भी है। वन्यजीव आवासों के संपूर्ण विकास की केंद्र प्रायोजित योजना को जारी रखना बाघ और वन्यजीव संरक्षण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराता है, जिससे अर्थव्यवस्था और पर्यावरण का एक साथ विकास सुनिश्चित होता है।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लखनऊ दुर्घटना में जनहानि पर दुख व्यक्त किया, पीड़ितों के लिए अनुग्रह राशि की घोषणा की



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज उत्तर प्रदेश के लखनऊ में एक इमारत ढहने से हुई जनहानि पर दुख व्यक्त किया। मोदी ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से प्रत्येक मृतक के परिजनों को 2 लाख रुपये तथा घायलों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की भी घोषणा की। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक्स पर पोस्ट किया रू

उत्तर प्रदेश के लखनऊ में एक इमारत ढहने से हुई जनहानि दुखद है। अपने प्रियजनों को खोने वालों के लिए प्रार्थना करता हूं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रत्येक मृतक के परिजनों को पीएमएनआरएफ से 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगेरू पीएम/नरेन्द्र मोदी

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अबू धाबी के क्राउन प्रिंस का स्वागत किया

### दोनों नेताओं ने भारत–संयुक्त अरब अमीरात के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए सार्थक बातचीत की



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान का स्वागत किया। दोनों नेताओं ने कई मुद्दों पर सार्थक बातचीत की। मोदी ने भारत–संयुक्त अरब अमीरात मैत्री को बढ़ाने के लिए शेख खालिद के जुनून की सराहना की। प्रधानमंत्री ने X पर पोस्ट कियायअबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान का स्वागत करते हुए खुशी हुई। हमने कई मुद्दों पर सार्थक बातचीत की

। भारत–संयुक्त अरब अमीरात मैत्री को मजबूत करने के लिए उनका जुनून साफ दिखाई देता है।"

पिलखा भूमि खेल – मनोरंजन सूरजपुर से प्रकाशित हिंदी मासिक समाचार पत्र 4


# बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह अगले साल मार्च से डॉन 3 की शूटिंग करने वाले हैं। इस खबर ने रणवीर सिंह के फैंस का उत्साह सातवें आसमान पर पहुंचा दिया है।



बॉलीवुड स्टार रणवीर सिंह (त्ंदअममत ैपदही) कुछ समय पहले ही पिता बने हैं। इस समय रणवीर सिंह अपनी बेटी को सारा समय दे रहे हैं। जल्द ही रणवीर सिंह अपने काम पर वापसी करने की तैयारी कर रहे हैं। खबरों की मानें तो रणवीर सिंह आने वाले समय में फरहान अख्तर की मच अवेटेड फिल्म डॉन 3 (क्वद 3) की शूटिंग का आगाज करने वाले हैं। कुछ समय पहले ही फरहान अख्तर ने एक टीजर शेयर करके डॉन 3 का ऐलान किया था। जिसके बाद से ही फैंस डॉन 3 की शूटिंग शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि रणवीर सिंह अब तक भी इस फिल्म का काम शुरू नहीं कर पाए हैं। खबरों की मानें तो फरहान अख्तर की फिल्म 120 बहादुर की वजह से डॉन 3 की शूटिंग शुरू नहीं हो पा रही है। इसी बीच डॉन 3 को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो रणवीर सिंह अगले साल डॉन 3 की शूटिंग शुरू कर देंगे। अगले साल मार्च 2025 में रणवीर सिंह और कियारा आडवाणी डॉन 3 पर काम शुरू करने वाले हैं। कियारा आडवाणी इस समय ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की फिल्म वॉर 2 की शूटिंग में व्यस्त चल रही हैं। वहीं रणवीर सिंह आदित्य धार की अगली फिल्म पर काम कर रहे हैं। कुल मिलाकर देखा जाए तो रणवीर सिंह, फरहान अख्तर और कियारा आडवाणी में से किसी के पास फिलहाल समय नहीं है। अगले साल जनवरी से फरहान अख्तर डॉन 2 की शूटिंग का आगाज करेंगे। वहीं रणवीर सिंह और कियारा आडवाणी मार्च आते आते डॉन 3 की टीम को ज्वाइन करने वाले हैं। बताया जा रहा है कि डॉन 3 की शूटिंग मई जून तक खत्म कर दी जाएगी क्योंकि फरहान अख्तर डॉन 3 को 2025 में ही रिलीज करने के बारे में सोच रहे हैं। ये खबर रणवीर सिंह के फैंस को जरूर खुश कर देगी। माना जा रहा है कि डॉन 3 में एक अलग ही अंदाज नजर आने वाला है। (इस रिपोर्ट को बॉलीवुड लाइव वे. बसाइट से लिया गया)

# टीवी सीरियल ये रिश्ता क्या कहलाता है के मंडप से गायब होगा अरमान, कामयाब होगी रूही की चाल?

ऐसा कोई दिन नहीं जाता जब टीवी सीरियल ये रिश्ता क्या कहलाता है की कहानी में कोई ड्रामा न होता हो। अभिरा ने अरमान से प्यार करके अपने पैर पर कुल्हाड़ी मार ली है। कावेरी और उसका परिवार हाथ धोकर अभिरा के पीछे पड़ गया है। कोई नहीं चाहता है कि अभिरा अरमान की दुल्हन बने। वहीं मनीष का परिवार अब भी अभिरा को जमकर सपोर्ट कर रहा है। ये रिश्ता क्या कहलाता है की कहानी में अब तक आपने देखा, अभिरा अपनी शादी को लेकर कंफ्यूज हो जाती है। अभिरा मन बनाती है कि वो अपनी शादी के मंडप में नहीं जाएगी। अभिरा मनीष को ये बात बताती है। इसी बीच मनीष अभिरा को जमकर सपोर्ट करने वाला है। ये रिश्ता क्या कहलाता है के आने वाले एपिसोड में आप देखेंगे, मनीष अभिरा को याद दिलाएगा कि अरमान उससे कितना प्यार करता है। मनीष कहेगा कि कभी न कभी अभिरा को मां बनने का मौका मिल ही जाएगा। मनीष कहेगा कि उसने एक एक करके अपने सारे बच्चे खो दिए हैं। ऐसे में वो अभिरा को नहीं खोना चाहता। मनीष परिवार के सामने अभिरा से बात करेगा। मनीष की बातें सुनकर अभिरा को भी यकीन होगा कि उसे शादी कर लेनी चाहिए। इसी बीच विद्या अभिरा को अरमान के नाम से ब्लैकमेल करेगी। विद्या दावा करेगी कि अरमान से शादी करने के बाद अभिरा कभी खुश नहीं रह पाएगी। सारी बातों को नजर. अंदाज करते हुए अभिरा बिना देर किए अपनी शादी के लिए तैयार हो जाएगी। अभिरा दुल्हन बनकर शादी के मंडप में पहुंच जाएगी। यहां पर अभिरा को



पता चलेगा कि अरमान तो अपनी ही शादी से गायब हो गया है। ऐसा होते ही कावेरी के होश उड़ जाएंगे। रूही चालाकी से अरमान को दूसरे शादी के मंडप में लेकर जाएगी। यहां पर अरमान रूही के साथ शादी करने से साफ इनकार कर देगा। (इस रिपोर्ट को बॉलीवुड लाइव वेबसाइट से लिया गया)

# मटका बिरयानी रेसिपी

**सामग्री**

राइस के लिएरू
1 कप बासमती राइस
1 चम्मच घी
1 तेज पत्ता
1 इलायची
2 लौंग
1 दालचीनी का टुकड़ा
3–4 नींबूके रस की बूंदें
नमक स्वादानुसार
पानी आवश्यकता अनुसार
वेजिटेबल के लिएरू
1.2 शिमला मिर्च
1.2 गाजर
1 टुकड़ा फूल गोभी
3 चम्मच मटर के दाने
4 चम्मच बीन्स कटी हुई
3 चम्मच दही
1 चम्मच अदरक– लहसुन पेस्ट
1 चम्मच लाल मिर्च
1 चम्मच धनिया पाउडर
1.4 हल्दी
1 चुटकी हींग
1 चम्मच कसूरी मेथी
1 चम्मच शाही बिरयानी मसाला
1 चम्मच तेल
1 चम्मच जीरा
नमक स्वादानुसार
पानी आवश्यकता अनुसार
असेम्बल करने के लिएरू
1 चम्मच घी
4 चम्मच भुना प्याज
2–3 चम्मच दूध
7–8 केसर के धाग
गार्निशरू हरा धनिया, काजू किशमिश



**कुकिंग निर्देश**

01 सबसे पहले बिरयानी बनाने की सभी तैयारी कर लेंद्यचावल धो कर भीगा देंद्य केसर दूधमें घोल लेंद्य सभी सब्जियां धो कर काट लेंद्य

02 1 बड़े बर्तन में पानी उबाल कर सभी खड़े मसाले, नमक और नींबूका रस डाल कर चावल पकायेद्य 80% ही कुक करना हैद्य

03 तब तक दूसरी गेस पर कढाई में तेल गरम करके प्याज को भून लेंद्य

04 साथ में १ मिक्सिंग बाउल में दही डाल कर सभी मसाले डाल कर मेरिनेशन तैयार करेंद्य सभी सब्जियां डाल कर अच्छे से मिलाये और १० मिनट रेस्ट देंद्यफिर कढाई में तेल डाल कर इन्हें भूनेंद्य

05 अब बिरयानी असेम्बल करने के लिए सबसे पहले मटके में घी डाल कर राइस का लेयर करेंद्य फिर सब्जियां बिछा देंद्य इसी प्रकार २ बार लेयर करेंद्य आखिर में राइस बिछा कर भुना प्याज और केसर का दूध डालेंद्य

06 अब अल्युमिनियम फोइल से मटके को बंद कर के १५ मिनट धीमी आंच पर पकायेद्य तब तक गार्निश के लिए काजू और किशमिश घी में भूनेंद्यबिरयानी बन जाते ही खोल कर गरमागरम बिरयानी सर्व करेंद्य

07 काजू, किशमिश और धनिया डालें और मटका बिरयानी को पापड, रायता और सलाद के साथ सर्व करेंद्य

# भारत ने दो टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले मुक. ाबले में बांग्लादेश को 280 रन से हरा दिया. भारत की जीत में आर अश्विन की बड़ी भूमिका रही.




भारत के स्टार ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन ने बांग्लादेश के खिलाफ जीत में बल्ले और गेंद से बड़ी भूमिका निभाई. अश्विन ने पहली पारी में 133 गेंदों का सामना किया, जिसमें 11 चौकों और दो छक्कों की मदद से 113 रनों की शतकीय पारी खेली. फिर दूसरी पारी में 21 ओवर की गेंदबाजी में 88 रन देकर बांग्लादेश के 6 खिलाड़ियों को आउट किया. अश्विन ने बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट मैच में ऐसा अनोखा रिकॉर्ड अपने नाम किया, जिससे कई दिग्गज पीछे छूट गए हैं. उन्होंने वीनू माकंड़ का 72 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया. टेस्ट की एक पारी में शतक और 5 या उससे अधिक विकेट लेने वाले अश्विन बने सबसे उम्रद. राज खिलाड़ी बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में आर अश्विन ने शतक और 6 विकेट लेकर इतिहास रच डाला. उन्हा. ेने भारतीय दिग्गज खिलाड़ी वीनू माकंड़ के 72 साल पुराने रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया और ऐसा करने वाले सबसे उम्रदराज भारतीय खिलाड़ी बन गए. माकंड़ ने 19 जून 1952 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच में 184 रनों की पारी खेली थी और 196 रन देकर 5 विकेट भी चटकाए थे. जिस समय माकंड़ ने ऐसा कारनामा किया था, उस समय उनकी उम्र 35 साल दो महीने और 7 दिन की थी. जबकि अश्विन ने जब यह कारनामा किया है, तब उनकी उम्र 38 साल और दो दिन की है. टेस्ट में शतक और पांच या उससे अधिक विकेट लेने वाले भारतीय खिलाड़ी

वीनू माकंड़ (35 साल, दो महीने और 7 दिन) दृ इंग्लैंड के खिलाफ 19 जून 1952 दृ 184 रन और 5 विकेट.
पॉली उमरीगर (35 साल और 7 दिन) दृ वेस्टइंडीज के खिलाफ 4 अप्रैल 1962 में नाबाद 172 रन और 5 विकेट.
आर अश्विन दृ वेस्टइंडीज के खिलाफ 22 नवंबर 2011 को 103 रन और 5 विकेट.
आर अश्विन दृ वेस्टइंडीज के खिलाफ 21 जुलाई 2016 को 113 रन और 7 विकेट.
आर अश्विन दृ इंग्लैंड के खिलाफ 13 फरवरी 2021 को 106 रन और 5 विकेट.
रविंद्र जडेजा दृ श्रीलंका के खिलाफ 4 मार्च 2022 को नाबाद 175 रन और 5 विकेट.
रविंद्र जडेजा दृ इंग्लैंड के खिलाफ 22 फरवरी 2024 को 112 रन और 5 विकेट.

टेस्ट की चौथी पारी में अश्विन सबसे ज्यादा विकेट लेने वाल ेगेंदबाज बने टेस्ट क्रिकेट में आर अश्विन ने एक और रिकॉर्ड अपने नाम किया है. चौथी पारी में अश्विन ने चौथी पारी में सबसे अधिक 99 विकेट ले चुके हैं. उन्होंने अनिल कुंबले का रिकॉर्ड तोड़ा. कुंबले ने चौथी पारी में कुल 94 विकेट लिए हैं. जबकि बिशन सिंह बेदी ने 60 और इशांत शर्मा, रविंद्र जडेजा 54 विकेट ले चुके हैं.

# राशिफल

**सिंतबर मे मेष से लेकर मीन राशि के जातकों के लिए क्या कुछ नया लेकर आने वाला है, जानें ज्योतिषाचार्य डॉ एन के बेरा से सिंतबर का राशिफल**

**मेष** )–सिंतबर 2024 को मेष राशि के जातकों के व्यवसाय में प्रगति होगी. आय में स्थिरता बनी रहेगी. परिवार में तनाव का माहौल रहेगा. साझेदारों के साथ मतभेद और विवाद संभव हैं. अपनी वाणी पर संयम रखें. किसी विशेष व्यक्ति के साथ बहस हो सकती है. वित्तीय लेन–देन में सतर्कता बरतें. जो कार्य बन रहे हैं, वे बिगड सकते हैं. चोट और दुर्घटनाओं से बचें. नकारात्मकता में वृद्धि होगी. –शुभ अंक 3–शुभ रंगरू केशरिया

**वृष** – सिंतबर 2024 को वृषभ राशि वालों को सरकारी सहयोग प्राप्त होगा. लाभ के नए अवसर सामने आएंगे. हर दिशा से सफलता मिलेगी. खुशी में वृद्धि होगी. व्यस्तता के कारण स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है. थकान महसूस होगी. तंत्र–मंत्र में रुचि बढ़ेगी. सत्संग का लाभ मिलेगा. व्यापार में वृद्धि होगी.–शुभ अंक 3–शुभ रंगरू स फ े द

**मिथुन** –सिंतबर 2024 को मिथुन राशि के जातकों के रोजगार में वृद्धि की संभावना है. सामाजिक कार्यों में भाग लेने का अवसर मिल सकता है. घर और बाहर आपकी पूछ–परख बढ़ेगी. नए कार्यों की प्राप्ति हो सकती है. बाहर जाने की इच्छा जागृत होगी. खुशी का अनुभव होगा.–शुभ अंक 2 –शुभ रंग पिंक

**कर्क** –सिंतबर 2024 को कर्क राशि के जातकों को जीवनसाथी से सहयोग की कमी महसूस होगी. चिंता और तनाव का सामना करना पड़ेगा. वित्तीय लेन–देन में जल्दबाजी और लापरवाही से बचें, अन्यथा धन की हानि हो सकती है. विवादों से दूर रहना बेहतर होगा. झंझटों से बचें. आय में स्थिरता बनी रहेगी, लेकिन अनावश्यक खर्च बढ़ सकते हैं. स्वास्थ्य में कमजोरी बनी रहेगी.–शुभ अंक 4–शुभ रंग भूरा

**सिंह** – सिंतबर 2024 को सिंह राशि के जातकों के घर और बाहर का जीवन सुखद रहेगा. रुका हुआ धन प्राप्त होने की संभावना है, प्रयास जारी रखें. यात्रा से लाभ होगा. भाग्य का साथ मिलेगा. रा. ेजगार में वृद्धि की संभावना है. आय में बढ़ोतरी होगी. नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा. भाइयों का सहयोग खुशी में इजाफा करेगा. जोखिम और जमानत के कार्यों को टालें.–शुभ अंक 2– शुभ रंग स्लेटी

**कन्या** – सिंतबर 2024 को कन्या राशि के जातकों को भेंट और उपहार प्राप्त होंगे. बेरोजगारी का समाधान होगा. व्यापार में वृद्धि की संभावना है. नौकरी में पदोन्नति मिल सकती है. निवेश के लिए समय अनुकूल है. भाग्य आपके पक्ष में रहेगा. लापरवाही न करें. उत्साह और खुशी बनी रहेगी.–शुभ अंक 9–शुभ रंग क्रीम

**तुला** –सिंतबर 2024 को तुला राशि के जातकों को व्यापार में लाभ की संभावना बनी रहेगी. नए मित्रों से संपर्क स्थापित होंगे. घर और बाहर की गतिविधियों में रुचि बनी रहेगी. आय में स्थिरता देखने को मिलेगी. आत्मसम्मान में वृद्धि होगी. अच्छे समाचारों की प्राप्ति होगी. अतिथियों का आगमन होगा, जिससे खुशी में इजाफा होगा. किसी महत्वपूर्ण कार्य को करने की इच्छा जागृत होगी. जल्दबाजी से बचें.–शुभ अंक 3–शुभ रंग पीला

**वृश्चिक** –सिंतबर 2024 को वृषभ राशि के जातकों का निवेश के लिए समय अनुकूल रहेगा. मेहनत का फल अवश्य मिलेगा. घर और बाहर की गतिविधियों में रुचि बनी रहेगी. लाभ के नए अवसर सामने आएंगे. जोखिम भरे कार्यों से दूर रहें. नौकरी में आपकी स्थिति में सुधार होगा. उच्च अधिकारियों की प्रसन्नता प्राप्त होगी. पारिवारिक चिंताओं में वृद्धि हो सकती है. शत्रुओं से सतर्क रहना आवश्यक है. –शुभ अंक 5–शुभ रंग फिरोजी

**धनु** –सिंतबर 2024 को धनु राशि के जातकों के रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी. व्यापार में व्यस्तता बनी रहेगी. आनंददायक यात्रा की योजना बन सकती है. पसंदीदा भोजन का आनंद लेने का अवसर मिलेगा. नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा.–शुभ अंक 7–शुभ रंग सिल्वर

**मकर** आपके व्यवसाय में संतोषजनक लाभ की संभावना है. आपकी आय स्थिर रहेगी. कीमती सामान को सुरक्षित रखें. दूसरों के कार्यों में दखल न दें. मेहनत की मात्रा अधिक होगी. जोखिम भरे और जमानती कार्यों से बचें. शत्रु आपको नुकसान पहुंचा सकते हैं. विवादों को बढ़ावा न दें. शोक समाचार प्राप्त हो सकता है. अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें.–शुभ अंक 2–शुभ रंग सफेद

**कुंभ** –प्रेम संबंधों में सकारात्मकता बनी रहेगी. नौकरी में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी. सभी कार्य समय पर पूर्ण होंगे. निवेश के लिए यह समय शुभ है. आपकी आय में वृद्धि होने की संभावना है. स्वास्थ्य का ध्यान रखना आवश्यक है. घर और बाहर दोनों स्थानों पर खुशी का माहौल रहेगा. कानूनी समस्याएं हल होकर लाभ की स्थिति उत्पन्न करेंगी. व्यापार में भी लाभ की संभावना है.–शुभ अंक 9–शुभ रंग हरा

**मीन**– सिंतबर 2024 को मीन राशि को स्थायी संपत्ति में वृद्धि की संभावना है. कोई महत्वपूर्ण सौदा हो सकता है. बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल होंगे. आपके कारोबार में वृद्धि देखने को मिलेगी. घर और बाहर सभी से सहयोग प्राप्त होगा.–शुभ अंक 6– शुभ रंग गुलाबी

# प्रेग्नेंसी में कौन-से ड्राई फ्रूट्स खाने चाहिए? जानें सेवन का सही तरीका

**प्रेग्नेंसी में ड्राई फ्रूट्स मां और बच्चे दोनों के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है।**

प्रेग्नेंसी के दौरान हर महिला को अपने खान–पान का खास ध्यान देने की जरूरत होती है। इस समय प्रेग्नेंट महिलाएं न सिर्फ खुद को हेल्दी रखने के लिए पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थों का सेवन करती हैं, बल्कि अपने गर्भ में पल रहे शिशु के बेहतर ग्रोथ के लिए भी हेल्दी चीजों को डाइट में शामिल करती है। गर्भावस्था के दौरान महिलाएं जो भी खाती हैं उसका सीधा असर उनके होने वाले शिशु के स्वास्थ्य पर पडता है। ऐसे में अक्सर ड्राई फ्रूट्स खाने को लेकर महिलाएं कंफ्यूज रहती हैं कि वे प्रेग्नेंसी के दौरान ड्राई फ्रूट्स खाएं या नहीं और कब से अपनी डाइट में ड्राई फ्रूट्स को शामिल करें। गर्भावस्था में ड्राई फ्रूट्स आपके स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद हो सकते हैं, क्योंकि ड्राई फ्रूट्स डाइट फाइबर से भरपूर होते हैं, जो पाचन स्वास्थ्य, हेल्दी स्किन और हार्ट हेल्थ को बेहतर रखने में मदद करते हैं। जरूरी पोषक तत्वों से भरपूर ड्राई फ्रूट्स का सेवन आप प्रेग्नेंसी के तीनों तिमाही के दौरान कर सकते हैं। एक्सपर्ट के अनुसार "अगर आपका डाइजेस्टिव सिस्टम मजबूत है तो आप प्रेग्नेंसी के शुरुआत से ही ड्राई फ्रूट्स का सेवन कर सकते हैं।" इसलिए



आप गर्भावस्थ के दौरान किसी भी समय ड्राई फ्रूट्स को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं, जो गर्भवती महिला और गर्भ में पल रहे शिशु दोनों के स्वास्थ्य के लिए अच्छा माना जाता है।

**प्रेग्नेंसी में कौन–से ड्राई फ्रूट्स खाने चाहिए?**

**अखरोट और बादाम**
गर्भावस्था के दौरान अखरोट और बादाम का सेवन अच्छा माना जाता है। डॉ. स्मिता भूषण काले के अनुसार इन दोनों ड्राई फ्रूट्स का सेवन गर्भवती महिला और होने वाले बच्चे की बुद्धि का वर्णन करने में मदद करता है। मतलब अखरोट और बादाम का सेवन गर्भ में पल रहे शिशु के ब्रेन सेल्स को अच्छी तरह से विकसित करते हैं।


**मुनक्का और अंजीर**
मुनक्का और अंजीर का सेवन भी गर्भावस्था के दौरान जच्चा और बच्चा दोनों के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है। इनके सेवन से प्रेग्नेंट महिला के शरीर में हेमोग्लोबिन लेवल को बेहतर रखने में मदद करते हैं और डाइजेशन को भी अच्छा रखते हैं, जिससे प्रेग्नेंसी के दौरान होने वाली कब्ज की समस्या को दूर करने में मदद कर सकता है।

**काजू और पिस्ता**
अगर आपका मन करें तो आप कभी–कभी काजू और पिस्ता जैसे ड्राई फ्रूट्स का सेवन भी कर सकते हैं।

**प्रेग्नेंसी के दौरान ड्राई फ्रूट्स का सेवन सीमित मात्रा में करना चाहिए। ज्यादा मात्रा में ड्राई फ्रूट्स का सेवन आपके स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डाल सकता है। इसलिए डाइट में किसी भी फूड को शामिल करने से पहले अपने डॉक्टर से सलाह जरूर ले लें।**

# 20 साल बाद भी वीर जारा का जादू बॉक्स ऑफिस पर कायम है।

**वीर जारा की फिर से रिलीज ने मचाई धूम**–वीर जारा, शाहरुख खान और प्रीति जिंटा की सुपरहिट फिल्म, 20 साल बाद भी सिनेमाघरों में अपनी चमक बिखेर रही है. फिल्म की फिर से रिलीज़ के बावजूद, दर्शक इसे बड़े पर्दे पर देखकर बेहद खुश हैं. इस फिल्म ने बीते 8 दिनों में शानदार प्रदर्शन किया है और इसके बॉक्स ऑफिस कलेक्शन में तेजी आई है. **नेशनल सिनेमा डे पर बड़ी छलांग**–फिल्म 13 सितंबर को फिर से रिलीज की गई थी और शुरूआती दिन में 20 लाख की कमाई की. इसके बाद भी फिल्म ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया. नेशनल सिनेमा डे के मौके पर टिकट की कीमतें केवल ₹99 होने की वजह से दर्शकों की भीड़ उमड़ी और इस दिन फिल्म ने 22 लाख का कलेक्शन किया, जो पिछले गुरुवार के 14 लाख से 57.14: अधिक था. **8 दिनों में 1.77 करोड़ की कुल कमाई**–नेशनल सिनेमा डे की



कमाई के साथ, फिल्म का 8 दिनों का कुल नेट कलेक्शन 1. 77 करोड़ तक पहुंच गया. अगर टैक्स को जोड़ दिया जाए, तो फिल्म ने कुल 2.08 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन किया है. यह फिल्म अपने री–रन में अब तक की सबसे सफल साबित हो रही है और तब तक चलने की संभावना है, जब तक कि कोई बड़ी बॉलीवुड फिल्म सिनेमाघरों में दस्तक नहीं देती. **यश चोपड़ा की डायरेक्शन में फिर से चमका रोमांस**–फिल्म के निर्देशन की बात करें तो यह यश चोपड़ा की एक और शानदार कृति है, जिसने रोमांस और इमोशंस को नए अंदाज में प्रस्तुत किया था. वीर जारा को पहले भी कई बार री–रिलीज किया गया है, और हर बार दर्शकों ने इसे पसंद किया. इस बार भी फिल्म के री–रन में कोई रुकावट नजर नहीं आ रही है. **वीर जारा की कहानी का जादू बरकरार**–फिल्म की कहानी आज भी दर्शकों को अपनी तरफ खींच रही है. इसमें दिखाया गया प्यार, कुर्बानी, और देशप्रेम आज भी उतना ही पसंद किया जाता है जितना कि दो दशक पहले था. यही वजह है कि फिल्म अपने री–रन में भी बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है.

स्वामी, प्रकाशक मनीष वैद्य द्वारा मुद्रक रूपेश दुबे आर्यन ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस पावर हाउस रोड नमना कला अंबिकापुर, जिला सरगुजा छ, ग से मुद्रित करा कर एम,जी रोड संजयनगर (अजबनगर) जिला सूरजपुर छ, ग से प्रकाशित। संपादक – मनीष वैद्य मो0 नं0 – 9165046978